A

भारत सरकार/ Government of India
अंतरिक्ष विभाग/ Department of Space
**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/ VIKRAM SARABHAI SPACE CENTRE**
तिरुवनंतपुरम/ Thiruvananthapuram - 695 022

**कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी (विज्ञा.सं. 319) के पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा**
**WRITTEN TEST FOR SELECTION TO THE POST OF JUNIOR TRANSLATION OFFICER (ADVT. NO. 319)**
**पद सं. 1477 / Post No. 1477**

सर्वाधिक अंक/Maximum Marks : 100
अभ्यार्थी का नाम/Name of the candidate :

तिथि/Date: **07.11.2021**
समय/Time : 2 घंटे/2 hours
अनुक्रमांक सं/Roll no.

SEAL

## अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश / Instructions to the Candidates

1. आपके द्वारा वेब आवेदन में प्रस्तुत किए गए ऑन-लाइन डेटा के आधार पर आपको लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया है। **यदि आपने वेब में किसी सूचना की गलत प्रविष्टि की है या विज्ञापन के अनुसार अपेक्षित योग्यता नहीं रखते हैं तो आपकी अभ्यर्थिता अस्वीकृत कर दी जाएगी।**
You have been called for the written test based on the online data furnished by you in the web application. **If you have wrongly entered in the web any information or you do not possess the required qualification as per our advertisement, your candidature will be rejected.**

2. प्रश्न-पत्र 2 भागों, यानी भाग-ए में वस्तुनिष्ठ प्रकार के 50 प्रश्न तथा भाग-बी में निम्नानुसार वर्णनात्मक प्रकार के प्रश्न, से युक्त प्रश्न-पुस्तिका के रूप में है।
The Question paper is in the form of Question Booklet with 2 parts viz., Part-A with 50 objective type questions and Part B with Descriptive type questions as follows : -

| भाग ए/PART A – वस्तुनिष्ठ / OBJECTIVE | |
|---|---|
| 1. सामान्य हिंदी/GENERAL HINDI | कुल अंक/TOTAL MARKS - 25 |
| 2. सामान्य अंग्रेज़ी/GENERAL ENGLISH | कुल अंक/TOTAL MARKS - 25 |
| भाग बी/PART B – वर्णनात्मक/DESCRIPTIVE | |
| 1. अनुवाद/TRANSLATION | कुल अंक/TOTAL MARKS - 40 |
| 2. निबंध/ESSAY | कुल अंक/TOTAL MARKS - 10 |

कृपया दूसरा पृष्ठ देखें/P.T.O.

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने के लिए कार्बन लेपित प्रति सहित ओएमआर उत्तर-पुस्तिका दी जाएगी और वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अलग उत्तर-पुस्तिका दी जाएगी ।
OMR sheet with carbon coated copy will be provided for answering the Objective type questions and a separate answer sheet will be provided for answering Descriptive type questions.

4. आपको नीली/काली स्याही के बॉल पाइंट पेन से ओएमआर उत्तर- पुस्तिका में संबंधित ऑवल को अंकित कर सही उत्तर का चयन करना है।
You have to select the right answer by marking the corresponding oval on the OMR answer sheet by blue/black ball point pen.

5. एक प्रश्न के लिए अनेक उत्तर देने पर गलत उत्तर माना जाएगा। गलत उत्तरों के लिए नेगेटीव अंक नहीं दिया जाएगा।
Multiple answers for a question will be regarded as wrong answer. No negative mark will be given for wrong answers.

6. ऊपर दाएँ कोने में मुद्रित प्रश्न-पुस्तिका के कोड को ओएमआर उत्तर-पुस्तिका में दिए गए स्थान पर लिखना चाहिए।
Question booklet code printed on the top right corner should be written in the OMR answer sheet in the space provided.

7. प्रश्न-पुस्तिका में आपका नाम तथा अनुक्रमांक सही लिखें।
Enter your Name and Roll Number correctly in the question booklet.

8. ओएमआर / वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में सभी प्रविष्टियां **नीली/काली स्याही के बॉल पाइंट पेन** से ही की जानी चाहिए।
All entries in the OMR/descriptive answer sheet should be with **blue/black ball point pen** only.

9. परीक्षा हॉल में निरीक्षक की उपस्थिति में ही आपको हॉल-टिकट पर हस्ताक्षर करना चाहिए।
You should sign the hall ticket only in the presence of the Invigilator in the examination hall.

10. **लिखित परीक्षा चलनेवाले हॉल के अंदर कंप्यूटर, कालकुलेटर, मोबाइलफोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक जुगतें, पाठ्य-पुस्तकें, नोट आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
**Computers, calculators, mobile phones and other electronic gadgets, text books, notes etc., will not be allowed inside the written test hall.**

11. परीक्षा पूर्ण होने पर, ओएमआर उत्तर-पुस्तिका को ऊपर के छेदन चिह्न से फाडें और मूल ओएमआर उत्तर-पुस्तिका तथा वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को सौंपें तथा दूसरी प्रति आपके पास रखें।
On completion of the test, tear the OMR answer sheet along the perforation mark at the top and hand over the original OMR sheet and the descriptive answer sheets to the invigilator and retain the duplicate copy with you.

12. प्रश्न-पुस्तिका अभ्यर्थी अपने पास रख सकते हैं।
The question booklet can be retained by the candidates.

13. परीक्षा के प्रथम घंटे के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं है।
Candidates are not permitted to leave the examination hall during the first hour of the examination.

---

# कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी / JUNIOR TRANSLATION OFFICER

कुल अंक / Total marks : 100
समय / Time : 2 घंटे / Hours

## खंड ए – विषयनिष्ठ / Part A - Objective [50 अंक / Marks]

## सामान्य हिन्दी / General Hindi

**(1 × 25 = 25 अंक / Marks)**

निम्नलिखित मुहावरों के सही अर्थ का चयन करें:-

1. काला अक्षर भैंस बराबर
   (a) रंगों की पहचान न होना
   (b) पढ़ने की क्षमता न होना
   (c) जानवरों और प्रकृति के जीवों के प्रति सहानभूति रखना
   (d) बहुत व्यस्त होना

2. न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी
   (a) बिना सुर के गाना या साज़ बजाना
   (b) काम से जी चुराना
   (c) कारण के नष्ट होने पर कार्य न होना
   (d) बहाना बनाना

3. सिर मुंडाते ही ओले पड़े
   (a) नहाने के एकदम बाद गन्दा हो जाना
   (b) काम शूरू करते ही बाधाएं आना
   (c) सिर पर जोर की चोट लगना
   (d) गंजा होना / बदसूरत होना

4. आँख के अंधे, नाम नयन सुख
   (a) भक्त सूरदास के भजन
   (b) ना अच्छा होने पर भी बहुत प्यार करना
   (c) एक दूरदर्शी नेता
   (d) नाम के विपरीत गुण

5. कंगाली में आटा गीला
   (a) बहुत ज्यादा बारिश या बाढ़ में नुकसान होना
   (b) विपदा में और कष्ट
   (c) ज्यादा खाने की आदत होना
   (d) नहाने के बाद सँवरने में बहुत समय लगाना

6. डूबते को तिनके का सहारा
   (a) बारिश से बाढ़ में भारी नुकसान
   (b) नहाने के लिए बहाना बनाना
   (c) डूबते को निपुणता से बचाना
   (d) विपत्ति में थोड़ी सी सहायता

7. आँच न आने देना
   (a) भवन में न आने देना
   (b) कष्ट न पहुँचने देना
   (c) खाना न पकने देना
   (d) सोने न देना

8. एक म्यान में दो तलवार

(a) सामान को संभाल कर न रखना
(b) कुछ काम न होने देना
(c) समान अधिकार वाले लोग होना
(d) झगड़ते रहना

9. खाक छानना

(a) सब कुछ नष्ट हो जाना
(b) भटकना
(c) भूखे होने पर कुछ भी खा लेना
(d) स्वच्छ नहीं रहना

10. गुड गोबर कर देना

(a) काम को बिगाड़ देना
(b) मुफ्त की वस्तु से कमाई करना
(c) कुछ साफ़ नहीं रखना
(d) बिना स्वाद का खाना बनाना

11. चूडीयाँ पहनना

(a) सजना
(b) डरते रहना
(c) शोर करना
(d) कायर बनना

12. चिराग के तले अँधेरा

(a) मुश्किल से मिलना
(b) जानते हुए अनजान बनना
(c) घर में मृत्यु होना
(d) आवश्यक गुण का अभाव

<u>**समास का प्रकार बताएं:**</u>

13. माखनचोर

(a) द्विगु
(b) अवव्ययी
(c) कर्म तत्पुरुष
(d) द्वन्द

14. आजन्म

(a) द्विगु
(b) अवव्ययी
(c) कर्म तत्पुरुष
(d) द्वन्द

15. त्रिवेणी

(a) द्विगु
(b) अवव्ययी
(c) कर्म तत्पुरुष
(d) द्वन्द

16. राधाकृष्ण

(a) द्विगु
(b) अवव्ययी
(c) कर्म तत्पुरुष
(d) द्वन्द

**खाली स्थान भरें -**

17. प्रत्येक ____________ को अपने जीवन पर ____________ होना चाहिए।
   - (a) नारी, गर्व
   - (b) पुरुष, गर्व
   - (c) प्राणी, गर्व
   - (d) उपरोक्त, सभी

18. ऐसे ____________ राजा की प्रजा यदि स्वयं ही ____________ कर देती तो भी मुझे आश्चर्य नहीं होता।
   - (a) क्रूर, माफ़
   - (b) निष्क्रिय, मार
   - (c) निष्क्रिय, विद्रोह
   - (d) क्रूर, मार

19. नारी अपने ____________ का जैसा सजीव चित्र दे सकती है वैसा पुरूष साधना के उपरांत भी ____________ ही दे सके।
   - (a) जीवन, नहीं
   - (b) व्यक्तितत्व, कदापि
   - (c) दुख, ज्यादा
   - (d) व्यक्तितत्व, कभी

**निम्न शब्दों का सही अंग्रेज़ी अर्थ बताएं -**

20. घुलावट
   - (a) Washing
   - (b) Eating
   - (c) Dissolving
   - (d) Separating

21. बिंधवाना
   - (a) To get pierced
   - (b) To get stuck
   - (c) To get sold
   - (d) To get scattered

22. लालिमा
   - (a) To tie or to put
   - (b) Heat treatment
   - (c) Redness
   - (d) Trading

23. तरुण
   - (a) Strong
   - (b) Tall
   - (c) Handsome
   - (d) Young

24. कक्षा
   - (a) Thrust
   - (b) Specification
   - (c) Orbit
   - (d) Far-off

25. शनि ग्रह
   - (a) Saturn
   - (b) Jupiter
   - (c) Pluto
   - (d) Venus

(1 × 25 = 25 अंक / Marks)

**A. Choose the Hindi word closest in meaning to the following English words:**

26. Constellation
    (a) राशि (b) नक्षत्र
    (c) आकाशगंगा (d) तारामंडल

27. Meteor
    (a) उपग्रह (b) क्षुद्रग्रह
    (c) उल्का (d) शिला

28. Observatory
    (a) वेधशाला (b) प्रयोगशाला
    (c) रंगशाला (d) प्राक्षिगृह

29. Crater
    (a) ज्वालामुखी (b) गड्ढा
    (c) टोकरा (d) खांचा

30. Square root
    (a) जड़ (b) चौंक
    (c) घोंपना (d) वर्गमूल

**B. From the choices, select the most suitable synonym for the main word:**

31. Cessation
    (a) Operation (b) Charity
    (c) Halting (d) Hunger

32. Hallucination
    (a) Being happy (b) Feeling hollow
    (c) Forgetting (d) Delusion

33. Spew

(a) Shout | (b) Belch
(c) Formula one driving | (d) Fast food

34. Panache

(a) Flamboyance | (b) Flirt
(c) Calm | (d) Puberty

35. Alleviate

(a) Palliate | (b) Enhance
(c) Increased difficulty | (d) Persistent problem

36. Rebuff

(a) Polish | (b) Coarse
(c) Snub | (d) Expensive

**C. From the choices, select the most suitable antonym for the main word:**

37. Recondite

(a) Occult | (b) Esoteric
(c) Light weight | (d) Simple

38. Swarthy

(a) Fair | (b) Dark
(c) Happy | (d) Selfish

39. Dizzy

(a) Fickle | (b) Intelligent
(c) Celebration | (d) Mourning

40. Buoyant

(a) Depressed | (b) Swimming
(c) Floating | (d) Overeating

41. Feud

(a) Grudge | (b) Plowing
(c) Liquid | (d) Agree

**D. Choose the option having the most appropriate meaning of the idiom or phrase:**

42. By the skin of your teeth
    (a) Barely get by (b) Bitter
    (c) Easy to bite (d) Easy to digest

43. Break a leg
    (a) Run very fast (b) Wishing misfortune
    (c) Saying good luck (d) Lazy

44. You can say that again
    (a) Warning of dire consequences (b) Absolutely true
    (c) Don't believe (d) Undiplomatic

45. An arm and a leg
    (a) Enjoyable (b) Peaceful
    (c) Taken for granted (d) Very costly

**E. Fill in the blanks by using the apt conjunction from among the options given:**

46. You cannot succeed ________ you work sincerely
    (a) while (b) for
    (c) unless (d) but

47. I will not tell him the secret ____________ he insists
    (a) because (b) even if
    (c) whether (d) while

48. He is coming here ___________ you can meet him
    (a) for (b) if
    (c) therefore (d) so that

49. I sent him an email, ____________ he did not respond
    (a) so (b) finally
    (c) but (d) I am happy

50. She ate an apple _______ a mango
    (a) also (b) not
    (c) and (d) but

## खंड बी – वर्णात्मक/ Part B –Descriptive [50 अंक / Marks]

**B1. निम्न अनुच्छेद का अंग्रेज़ी में अनुवाद करें–** **(20 अंक / marks)**

वर्तमान में विद्युतीय नोदन (प्रोपल्शन) एक उदीयमान नोदन प्रौद्योगिकी है जिसका उपयोग अंतर-ग्रहीय एवं दूर संचार उपग्रहों में नोदक प्रक्षेपकों के रूप में किया जाता है। विद्युतीय नोदन प्रणाली अंतरिक्षयान द्वारा उत्पन्न विद्युतीय शक्ति का उपयोग करते हुये प्रणोदक को तीव्रगति से त्वरित करता है। विद्युतीय नोदन प्रक्षेपक प्रणाली के कई लाभ हैं परंतु मिशन एवं उपयोगिता प्रबंधन मूलतया प्रक्षेपक तकनीक, विशिष्ट आवेग, प्रक्षेपण समय में निष्कासित नोदक की मात्रा एवं उसके परिवर्तित वेग की योग्यता व दक्षता आदिगुणों को दिखाता है। विद्युतीय नोदन के विज्ञान एवं तकनीक का इस्तेमाल भविष्य में अंतरिक्ष आवागमन प्रणालियों के पेलोड (उपकरण भार) को कम करने तथा उसके प्रणोदक के भार को कम कर के उसकी अत्यधिक तीव्र निकास गति को प्राप्त करने में किया जाएगा। सन् १९८० से विद्युतीय नोदन प्रणालियों जैसे विद्युत-ऊष्मीय वृत्तचाप (Arcjet) प्रक्षेपक, विद्युत स्थैतिक आयन प्रक्षेपकों इत्यादि का उपयोग व्यावसायिक उपग्रहों के लिए अंतरिक्षयान स्टेशन संरक्षण, तुंगता नियंत्रण एवं अंतर-ग्रहीय मिशनों में किया जाने लगा। प्रारूपिक विद्युतीय नोदन प्रणोदक की निकास गति बढ़ाने के लिए विद्युतीय माध्यम से किसी नोदन तकनीक का इस्तेमाल करता है। विद्युतीय नोदन प्रणाली में एक या अधिक प्रक्षेपक, विद्युतीय शक्ति प्रदायक प्रणाली एवं गैस पोषित प्रणाली से जुड़े रहते हैं। विद्युतीय शक्ति प्रदायक इकाई सामान्यतया शक्ति प्रसंस्करण इकाई एवं नियंत्रण इकाई का समाहित तंत्र है जो प्रक्षेपकों को अनेक उच्च विभवान्तर लाइनें, उष्णता संम्बन्धी लाइनें एवं जटिल कार्यनियंत्रण क्रियावली प्रदान करती है।

**B2. निम्न अनुच्छेद का हिंदी में अनुवाद करें** **(20 अंक / marks)**

Machine learning is about designing algorithms that automatically extract valuable information from data. The emphasis here is on "automatic", i.e., machine learning is concerned about general-purpose methodologies that can be applied to many datasets, while producing something that is meaningful. There are three concepts that are at the core of machine learning: data, a model, and learning.

Since machine learning is inherently data driven, data is at the core of machine learning. The goal of machine learning is to design a general purpose methodologies to extract valuable patterns from data, ideally without much domain-specific expertise. For example, given a large corpus of documents (e.g., books in many libraries), machine learning methods can be used to automatically find relevant topics that are shared across documents (Hoffman et al., 2010). To achieve this goal, we design models that are typically related to the process that generates data and similar to the dataset we are given. For example, in a regression setting, the model would describe a function that maps inputs to real-valued outputs. A model is said to learn from data if its performance on a given task improves after the data is taken into account. The goal is to find good models that generalize well to yet unseen data, which we may care about in the future. Learning can be understood as a way to automatically find patterns and structure in data by optimizing the parameters of the model.

**B3. नीचे दिये गए विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में निबंध लिखें :-** **(5 अंक / marks)**

1. भारत की नई अंतरिक्ष नीति

2. मानव की धरती से बाहर जाने की चाह

**B4. नीचे दिये गए विषयों में से किसी एक पर अंग्रेज़ी में निबंध लिखें :-** **(5 अंक / marks)**

1. Religion versus spirituality

2. Contribution of India to the world

---